इंटरलॉकिंग से दो दर्जन से अधिक ट्रेनें निरस्त

27 से चार दिसंबर तक संचालन प्रभावित

लखनऊ (ब्यूरो)। बाराबंकी-बुढ़वाल सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य 27 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जाएगा। इस अवधि में दो दर्जन से अधिक ट्रेन को निरस्त किया गया है।

निरस्त ट्रेन : सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस (12203 व 12204), लखनऊ-गोंडा पैसेंजर (55049, 55050, 55031, 55032), गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस (15023 व 15024), कोलकाता-जंमूतवी जम्मूतवी एक्सप्रेस (13151 व 13152), आजमगढ़-दिल्ली कैफियात एक्सप्रेस (12225 व 12226) को निरस्त किया गया है।

बाराबंकी तक निरस्त ट्रेन : वहीं, जिन स्पेशल ट्रेनों को बाराबंकी में निरस्त किया गया है, उनमें डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ (05903 व 05904), जंमूतवी-छपरा (05144), गोरखपुर-आनन्दविहार (05035 एवं 05036), छपरा-लखनऊ (05065 व 05066), गोरखपुर-जंमूतवी (05043) शामिल हैं।

ये ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी : लखनऊ, सुल्तानपुर, फैजाबाद, अयोध्या, मनकापुर, वाराणसी, प्रतापगढ़ समेत अन्य मार्गों से निकाला जाएगा। मार्ग परिवर्तित होने वाली ट्रेनों में मथुरा छपरा (15107 एवं 15108), लोहित (15652 व 15651), अमरनाथ (15654, एवं 15653), अमरनाथ (15097 व 15098), अमरनाथ (12588 एंव 12587) समेत कई ट्रेनें शामिल हैं।